**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 04 मई  2026, समय 18:10 (10 मिनट)**

**मुख्य समाचार**

- पश्चिम बंगाल में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य कई नेताओ ने भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया ।

- हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा, आगामी विधानसभा चुनाव में, भाजपा पंजाब में भी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी ।

- हरियाणा के राज्यपाल प्रोफ़ेसर असीम कुमार घोष ने, रोहतक के "दादा लखमी चंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला विश्वविद्यालय" के दीक्षांत समारोह में 760 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की - राज्यपाल ने कहा - हरियाणा ने विश्वविद्यालयों के विस्तार,कौशल आधारित शिक्षा को मजबूत करने और नवाचार को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय प्रगति की है ।

- हरियाणा सरकार ने, फरीदाबाद जिले के गाँव पल्ला सेहतपुर में शहरी स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण को स्वीकृति दी ।
- हरियाणा में पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक प्रभाव अगले 2 दिनों तक, और बने रहने की संभावना जताई गई ।

...............................................................

पश्चिम बंगाल में भाजपा बड़ी जीत की ओर अग्रसर है, जबकि असम और पुद्दुचेरी में वह सहयोगी दलों के साथ सत्ता में वापसी कर रही है। तमिलनाडु में अभिनेता से राजनेता बने विजय की पार्टी टी.वी.के. ने बहुत बड़ा फेरबदल किया है। केरल में कांग्रेस के नेतृत्व में यू.डी.एफ. स्पष्ट बहुमत की ओर बढ़ रही है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि लोग ने ममता बनर्जी की नीतियों के खिलाफ जनादेश दिया है।

पश्चिम बंगाल में 293 विधानसभा सीटों में से **11** के परिणाम घोषित हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी को 9 और तृणमूल कांग्रेस को 2 सीटें मिली हैं। शेष 282 सीटों पर मिले रुझानों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी 191 सीटों पर आगे है जबकि तृणमूल कांग्रेस 85 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी एक, कांग्रेस दो और अन्य तीन सीटों पर आगे है।असम में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी लगातार तीसरी बार सरकार बनाने  जा रही है। हरियाणा के विभिन्न नेताओं द्वारा भी भाजपा को पश्चिम बंगाल में मिली जीत पर जश्न मनाए जाने के समाचार मिले है।

****************************************************************************

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने आज कहा कि पंजाब के आगामी विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि पार्टी पंजाब में विकास, सुरक्षा, अवसंरचना और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे प्रमुख मुद्दों को लेकर चुनाव मैदान में उतरेगी।

पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि वहां की जनता ने अन्य राजनीतिक दलों को नकार दिया है। इसके अलावा, श्री विज ने कहा कि राज्य में हो रहे निकाय चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी की जीत का दावा किया। श्री विज मीडिया कर्मियों द्वारा पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों के परिणामों से संबंधित पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दे रहे थे।

****************************************************************************

हरियाणा के राज्यपाल एवं दादा लख्मीचंद राज्य प्रदर्शन एवं दृश्य कला

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने आज रोहतक में विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में 646 स्नातक और 114 परास्नातक विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की। साथ ही 35 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक भी प्रदान किए।

दीक्षांत समारोह में फिल्म एंड टेलीविजन फैकल्टी के वर्ष 2018 बैच के 42 विद्यार्थियों को भी डिग्री प्रदान की गई। ये वे विद्यार्थी थे, जिनकी डिग्री, कोर्स पूरा न होने के कारण अटकी हुई थी।

अपने सम्बोधन राज्यपाल ने कहा कि हरियाणा ने विश्वविद्यालयों के विस्तार, कौशल-आधारित शिक्षा को सुदृढ़ करने और नवाचार को बढ़ावा देने के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

डिग्री प्राप्त करने वाले छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दीक्षांत समारोह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह ज्ञान, सृजनात्मकता और जिम्मेदारी का उत्सव है। आज डिग्री पाने वाले छात्र छात्राएं संस्कृति व सृजनशीलता के प्रतिनिधि बनकर दुनिया में कदम रख रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल रोजगार करने के लिए स्नातक की डिग्री नहीं करा रहा, बल्कि यह संस्थान ऐसे रचनात्मक नेतृत्व का निर्माण कर रहा है, जो प्रदर्शन व दृश्य कला, फैशन व वस्त्र डिजाइन, फिल्म व टेलीविजन के अलावा आर्किटेक्ट जैसे क्षेत्रों के माध्यम से समाज को योगदान दे रहे हैं। उन्होंने विश्वविद्यालय को भविष्य में वैश्विक कला संस्थानों के साथ साझेदारी स्थापित करने, अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक आदान-प्रदान में भाग लेने का सुझाव दिया ताकि हरियाणा को विश्व की कलात्मक विरासत में एक सम्मानित योगदानकर्ता के रूप में स्थापित किया जा सके।

दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुए शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि डिग्री पाने वाले विद्यार्थी केवल शिक्षित नहीं हुए हैं, बल्कि उन्होंने इस विश्वविद्यालय में अपने हुनर को भी तराशा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के भविष्य और शिक्षा व्यवस्था को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर है। । इस अवसर पर हरियाणा की प्रथम महिला एवं राज्यपाल की धर्मपत्नी मित्रा घोष भी उपस्थित रहीं।

************************************************************************

**प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट** newsonair.gov.in **पर लॉग- इन कर सकते हैं।**

**यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल** Akashvani News Chandigarh **पर भी उपलब्ध हैं।**

************************************************************************

हरियाणा सरकार ने फ़रीदाबाद जिला के गांव पल्ला सेहतपुर में एक शहरी स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दे दी है।

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि गांव पल्ला सेहतपुर में बनने वाले इस स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण पर 22 करोड़ 33 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इससे लोगों को समय पर इलाज मिल सकेगा और प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी।

************************************************************************

पलवल, में आज बागवानी विभाग द्वारा किसानों को संरक्षित खेती के लिए पॉली हाउस लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

जिला बगबानी अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र चौहान ने बताया कि पॉली हाउस व नेट हाउस लगाने के इच्छुक किसानों को हरियाणा सरकार द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है।

डॉ. चौहान ने कहा कि किसान फूलों की खेती भी कर सकते है। उन्होंने बताया कि संरक्षित खेती से किसान की आय में इजाफा होता है। खुले आसमान में खेती करने से फसलों को मौसम की मार का सामना करना पड़ता है और फसलों में कई प्रकार की बीमारियां भी लग जाती है। किसानों को कीट प्रबंधन व खरपतवार नियंत्रण के लिए आर्थिक बोझ भी झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि पलवल जिले के नजदीक फरीदाबाद, गुरुग्राम, दिल्ली की मंडियां है,किसान बागवानी की खेती कर,इन मंडियों में अपनी उपज बेच कर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकते है।

************************************************************
**********

हरियाणा के अधिकांश इलाकों में कल रात आंधी के साथ हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई ।चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ मदन लाल खिचड़ ने बताया कि कल रात हरियाणा के ज्यादातर क्षेत्रों में धूल भरी हवाओं, व  गरज-चमक के साथ कहीं बूंदाबांदी, कहीं हल्की और कहीं मध्यम बारिश देखने को मिली।

उन्होंने  कहा कि इस पश्चिमी विक्षोभ का आंशिक प्रभाव अगले दो दिनों तक और बने रहने की संभावना है।

डॉ खिचड़ ने कहा कि 6 मई के बाद में भी एक और पश्चिमी विक्षोभ आने की संभावना बन रही है जिसके प्रभाव से मौसम अभी परिवर्तनशील बने रहने की संभावना है।

************************************************************
**********

कैथल जिले में पंचायत समिति पूंडरी के अध्यक्ष के  खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को लेकर 14 मई को बैठक बुलाई गई है।

कैथल के अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि पंचायत समिति पूंडरी के 20 सदस्यों ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर विचार करने के लिए बैठक बुलाने का अनुरोध किया है। उनके अनुरोध पर यह बैठक बुलाई गई है। इसको लेकर आधिकारिक नोटिस जारी किया गया है।

डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि बैठक का नोटिस हरियाणा पंचायती राज नियम, 1995 की धारा 123 के तहत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए जारी किया गया है। बैठक की सूचना आवश्यक कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को भी भेजी गई है।

****************************************************************
**********